दृष्टि The Vision



# करेंट अफेयर्स उत्तराखंड

## जनवरी 2022

(संग्रह)

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

# अनुक्रम


**उत्तराखंड** **3**

- रबी कृषक महोत्सव 3
- मुख्यमंत्री ने 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों के कोविड टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया 3
- उत्तराखंड के प्रतिभागियों ने इंडिया स्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता-2021 में जीते दो रजत पदक 4
- उत्तराखंड डीएमएमसी को मिलेगा सुभाष चंद्र बोस पुरस्कार 4
- दून स्कूल के छात्र आराध्य 'भौतिकी विश्व कप' में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व 5
- उत्तराखंड के शिवम रावत एवं अनुराग रमोला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित 5
- उत्तराखंड के 4 व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार 6
- उत्तराखंड के छह पुलिसकर्मियों को मिले पुलिस पदक 6
- 29वीं बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस 7


दृष्टि The Vision

**नोट :**

# उत्तराखंड

## रबी कृषक महोत्सव

### चर्चा में क्यों ?

- 2 जनवरी, 2022 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा क्षेत्र झबरेडा मंडी परिसर में कृषि विभाग, उत्तराखंड द्वारा आयोजित रबी कृषक महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने 13 योजनाओं का लोकार्पण तथा 121 योजनाओं का शिलान्यास किया।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई घोषणाएँ भी कीं, जिसके तहत झबरेडा में मिनी स्टेडियम और रोडवेज बस अडन्न स्थापित किया जाएगा।
- कस्बा झबरेडा में महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ग्राम सालियर में हाईवे के समीप एक तिकोना आईलैंड पर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।
- मंगलौर देवबंद रोड पर मंडी तिराहे के समीप एक तिकोना आईलैंड पर एनएचएआई की एनओसी मिलने के उपरांत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।
- किसानों का मंडी शुल्क के संबंध में परीक्षण किया जाएगा। किसानों की कटी हुई आर.सी. समाप्त किये जाने के संबंध में विचार किया जायेगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कृषक निर्मला एवं देशराज सैनी को राष्ट्रीय खाद्य योजना के अंतर्गत 15 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

---

## मुख्यमंत्री ने 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों के कोविड टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया

### चर्चा में क्यों ?

- 3 जनवरी, 2022 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सनातन धर्म इण्टर कॉलेज बन्नू रेसकार्स, देहरादून में 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों के कोविड टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष कुमारी आरना एवं कुमारी प्रथा का टीकाकरण किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एक सप्ताह में प्रदेश के 15 से 18 वर्ष के सभी 06 लाख 28 हज़ार किशोरों का टीकाकरण किया जाएगा।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पूरे प्रदेश में 15 से 18 आयुवर्ग के किशोरों के टीकाकरण अभियान के तहत इस आयु वर्ग के राज्य में बाहरी प्रदेशों से पढ़ने वाले किशोरों का टीकाकरण भी किया जाएगा।
- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में कोविड टीकाकरण की दूसरी डोज का 85 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो चुका है, इसे जल्द पूर्ण किया जाएगा। 10 जनवरी से फ्रंटलाइन वर्कर एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिये बूस्टर डोज का अभियान भी शुरू किया जाएगा।

---

## उत्तराखंड के प्रतिभागियों ने इंडिया स्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता-2021 में जीते दो रजत पदक

### चर्चा में क्यों ?

- 10 जनवरी, 2022 को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सचिव राजेश अग्रवाल ने तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में इंडिया स्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता-2021 के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें उत्तराखंड के प्रतिभागियों ने दो रजत पदक प्राप्त किये।

### प्रमुख बिंदु

- इंडियास्किल्स प्रतियोगिता में 26 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 185 उम्मीदवारों को विजेता घोषित किया गया।
- उत्तराखंड से प्रशांत सैनी और अभिनव वर्मा ने साइबर सुरक्षा तथा 3 डी डिजिटल गेम आर्ट में रजत पदक जीते।
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित इस बंद दरवाज़े (Closed door) की प्रतियोगिता में कंक्रीट निर्माण कार्य, सौंदर्य चिकित्सा, कार पेंटिंग, स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल, दृश्य बिक्री, ग्राफिक डिज़ाइन प्रौद्योगिकी, दीवार और फर्श टाइलिंग, वेल्डिंग, आदि जैसे 54 कौशल में भागीदारी देखी गई।
- अधिकारियों द्वारा अनिवार्य कोविड-19 दिशानिर्देशों के तहत 7 से 9 जनवरी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रगति मैदान और ऑफसाइट स्थानों सहित कई स्थानों पर कौशल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के मार्गदर्शन में, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर हर दो साल में भारत कौशल प्रतियोगिताओं का नेतृत्व तथा आयोजन करता है। विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के कुशल युवा अपने-अपने कौशल में प्रतिस्पर्धा करते हैं।
- इंडियास्किल्स के विजेता विश्व कौशल की तैयारी के लिये एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और कई विकास कार्यक्रमों में भाग लेते हैं।
- एनएसडीसी का उद्देश्य युवाओं के जीवन को समृद्ध कर उन्हें भारत कौशल के माध्यम से सशक्त बनाना है।

## उत्तराखंड डीएमएमसी को मिलेगा सुभाष चंद्र बोस पुरस्कार

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में उत्तराखंड के आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र (डीएमएमसी) को सुभाष चंद्र बोस राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिये चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डीएमएमसी को यह पुरस्कार 23 जनवरी को प्रदान करेंगे।

### प्रमुख बिंदु

- यह पुरस्कार वर्ष 2020 के लिये संस्थागत श्रेणी के अंतर्गत है और इसमें 51 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
- डीएमएमसी के कार्यकारी निदेशक पियूष रौतेला को उत्तराखंड के लोगों की पारंपरिक डीआरआर प्रथाओं के क्षेत्र में अभिनव, उच्च श्रेणी और गुणवत्ता अनुसंधान एवं राजमिस्त्री के क्षमता निर्माण के साथ-साथ निर्मित पर्यावरण की भूकंपीय सुरक्षा तथा भूकंप सुरक्षित निर्माण में इंजीनियरों और ज़मीनी स्तर पर खोज एवं बचाव तथा प्राथमिक उपचार के साथ-साथ अभिनव, मनोरंजक, उद्देश्यपूर्ण और प्रभावशाली प्रिंट एवं दृश्य-श्रव्य जागरूकता सामग्री की मान्यता में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- रौतेला के अनुसार, यह पहली बार है कि किसी राज्य सरकार के संगठन को यह पुरस्कार दिया जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के क्षेत्र में अभिनव और प्रभावशाली कार्यों को बढ़ावा देने तथा मान्यता प्रदान करने के लिये इस पुरस्कार की स्थापना की गई है।

## दून स्कूल के छात्र आराध्य 'भौतिकी विश्व कप' में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में उत्तराखंड के देहरादून के प्रसिद्ध दून स्कूल के कक्षा नौ के छात्र आराध्य जैन का चयन 35वें अंतर्राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान टूर्नामेंट (आईवाईपीटी 2022) के लिये पाँच सदस्यीय भारतीय टीम में हुआ है। वह रोमानिया के टिमिसोआरा में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

### प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि भौतिकी विश्व कप के नाम से यह स्पर्धा प्रसिद्ध है। यह स्कूली छात्रों की टीमों के बीच होने वाली वैज्ञानिक प्रतियोगिता है।
- टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने वाले पाँच छात्रों का चयन इंडिया युवा भौतिक विज्ञान टूर्नामेंट (आईएनवाईपीटी) में तीन कठिन राउंड के बाद हुआ है।
- दून स्कूल के शिक्षक आनंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें एक प्रोजेक्ट मिलता है। एक समस्या दी जाती है, जिसका हल निकालना होता है। विषय को सार्वजनिक नहीं किया जाता। दून स्कूल के छात्र आराध्य ने इसके लिये काफी मेहनत की। अंतिम दौर तक पहुँचकर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये चयनित हुए।
- टीम के सदस्य दुनिया भर के प्रकाशित वैज्ञानिक अनुसंधान और प्राप्त परिणामों को पुन: दल के रूप में खोजबीन करते हैं।
- टीम इंडिया आईएनवाईपीटी चयन में चार एलिमिनेशन राउंड होते हैं, जहाँ जजों की ओर से समान रूप से संपूर्ण समाधान वाली क्रिप्टिक भौतिकी पर आधारित समस्याओं की मांग की जाती है, जो प्रतिभागियों के कौशल स्तर को निर्धारित करता है। अथक् प्रयास, ऑनलाइन उपलब्ध सीमित जानकारी, प्रत्येक वर्ष अपने कौशल का परीक्षण करना, अंतिम दौर तक पहुँचकर अंतिम पाँच छात्रों में चयनित होना इस प्रतियोगिता की अर्हताएँ हैं।
- ये पाँच चयनित छात्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीस देशों के प्रतिभागियों से प्रतिस्पर्धा करते हैं।
- उल्लेखनीय है कि जुलाई के मध्य में रोमानिया अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता होनी है। अगर कोविड महामारी नहीं रही तो छात्र रोमानिया जाकर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे, वरना प्रतियोगिता ऑनलाइन होगी।
- आराध्य ने पिछले साल 8वाँ स्थान हासिल किया था। टीम इंडिया में शामिल होने से वह बहुत कम अंक से रह गए थे।

## उत्तराखंड के शिवम रावत एवं अनुराग रमोला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित

### चर्चा में क्यों ?

- 24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में एक वर्चुअल समारोह में देश के 61 बच्चों को वर्ष 2021 एवं 2022 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया, जिसमे उत्तराखंड के शिवम रावत एवं अनुराग रमोला शामिल हैं।

### प्रमुख बिंदु

- इस वर्ष के इन पुरस्कार विजेताओं में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 15 लड़के और 14 लड़कियाँ शामिल हैं। ये बच्चे देश के सभी क्षेत्रों से नवाचार (7), सामाजिक सेवा (4), शैक्षिक (1), खेल (8), कला और संस्कृति (6) और वीरता (3) श्रेणियों में अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिये चुने गए हैं।
- इसी प्रकार वर्ष 2021 के पुरस्कार विजेताओं में 21 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 32 बच्चे नवाचार (9), कला एवं संस्कृति (7), खेल (7), शैक्षिक (5), वीरता (3) तथा सामाजिक सेवा (1) श्रेणियों में चुने गए हैं।
- पीएमआरबीपी पुरस्कार विजेता हर साल गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेते हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण-पत्र दिया जाता है।
- उत्तराखंड के शिवम रावत को नवाचार श्रेणी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार- 2022 से तथा अनुराग रमोला को कला और संस्कृति श्रेणी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार- 2021 से सम्मानित किया गया है।

नोट :

- पीएमआरबीपी 2021और 2022 के पुरस्कार विजेता अपने माता-पिता तथा अपने-अपने जिले के जिला मजिस्ट्रेट के साथ संबंधित जिला मुख्यालय से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।
- प्रधानमंत्री ने समारोह के दौरान राष्ट्रीय ब्लॉकचेन परियोजना के तहत आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित ब्लॉकचेन संचालित तकनीक का उपयोग करके पीएमआरबीपी 2021 और 2022 के 61 विजेताओं को डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रदान किये।

## उत्तराखंड के 4 व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार

### चर्चा में क्यों ?

- 25 जनवरी, 2022 को 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने वर्ष 2022 के लिये 128 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की। उत्तराखंड के 4 व्यक्ति इन पुरस्कारों की सूची में शामिल हैं।

### प्रमुख बिंदु

- पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं, जिन्हें तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। इन तीन श्रेणियों में पद्म विभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री शामिल हैं।
- असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिये 'पद्मविभूषण', उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिये 'पद्मभूषण' और किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिये 'पद्मश्री' पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- ये पुरस्कार विभिन्न विषयों/क्षेत्रों अर्थात् कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान व इंजीनियरिंग, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, साहित्य व शिक्षा, खेल, सिविल सेवा, इत्यादि में प्रदान किये जाते हैं।
- इन पुरस्कारों की घोषणा राष्ट्रपति द्वारा हर वर्ष 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर की जाती है तथा आमतौर पर मार्च/अप्रैल में राष्ट्रपति भवन में आयोजित किये जाने वाले औपचारिक समारोहों में प्रदान किये जाते हैं।
- इस वर्ष राष्ट्रपति ने 128 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंज़ूरी दी है, जिनमें 2 जोड़ी पुरस्कार (किसी जोड़ी को दिये पुरस्कार की गणना एक पुरस्कार के रूप में की जाती है) भी शामिल हैं। इस सूची में 4 पद्मविभूषण, 17 पद्मभूषण और 107 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं।
- पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वालों में 34 महिलाएँ हैं और इस सूची में 10 व्यक्ति विदेशी/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई श्रेणी के अंतर्गत हैं तथा 13 व्यक्तियों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया है।
- वर्ष 2022 के लिये घोषित पद्म पुरस्कारों की सूची में उत्तराखंड के निम्नलिखित व्यक्ति शामिल हैं-
  - जनरल बिपिन रावत (मरणोपरांत) को सिविल सेवा के क्षेत्र में भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्मविभूषण'के लिये चुना गया है।
  - इसी प्रकार सुश्री माधुरी बर्थवाल (कला), सुश्री बसंती देवी (सामाजिक कार्य) तथा सुश्री वंदना कटारिया (खेल) को 'पद्मश्री'पुरस्कार के लिये चुना गया है।

## उत्तराखंड के छह पुलिसकर्मियों को मिले पुलिस पदक

### चर्चा में क्यों ?

- 26 जनवरी, 2022 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के छह पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक(प्रशासन)अभिनव कुमार को विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएम)प्रदान किया गया है।
- वहीं पाँच पुलिसकर्मियों को उनकी सराहनीय सेवा के लिये पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। इन पाँच पदक विजेताओं में चमोली ज़िले के पुलिस उपाधीक्षक धन सिंह तोमर, पुलिस मुख्यालय से डीएसपी नंदन सिंह बिष्ट, पौड़ी के डीएसपी गणेश लाल, इंस्पेक्टर महेश चंद्र चंदोला (खुफिया मुख्यालय) और चंपावत से सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र भटे शामिल हैं।

- उल्लेखनीय है कि देश की सुरक्षा में अदम्य साहस का प्रदर्शन कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर वीरता पुरस्कार (Gallantry Award) से सम्मानित किया जाता है।
- गृह मंत्रालय का पुलिस प्रभाग सराहनीय/विशिष्ट सेवा तथा शौर्य के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक पुरस्कारों आदि से जुड़े मामलों से संबंधित कार्य करता है।

## 29वीं बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस

### चर्चा में क्यों?

- 29 जनवरी, 2022 को उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 29वीं बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस का आयोजन किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- इस कॉन्ग्रेस का आयोजन प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग के सभी 95 प्रखंडों में किया गया और जिला स्तर पर बाल वैज्ञानिकों द्वारा लगभग 1500 परियोजनाओं को प्रस्तुत किया गया।
- राज्य स्तर पर कुल 137 बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुतियाँ दीं और उनमें से 16 का चयन 15 से 18 फरवरी तक होने वाली राष्ट्रीय स्तर की बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस के लिये किया गया।
- बाल वैज्ञानिकों को सतत् जीवन के लिये पारिस्थितिकी तंत्र, उपयुक्त प्रौद्योगिकी, सामाजिक नवाचार, डिजाइन विकास मॉडलिंग एवं पारंपरिक ज्ञान प्रणाली सहित विभिनन विषयों पर उनकी प्रस्तुति के लिये चुना गया।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस NCSTC तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का एक प्रमुख कार्यक्रम है।

The Vision

नोट :